सत्यमेव जयते

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

# राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, मुंबई




# स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा में डिप्लोमा

# (डीएचपीई)

## संस्थान की पृष्ठभूमि:

राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (NIPHTR) की स्थापना जून 1957 में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत की गई थी। यह प्रमुख केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों (सीटीआई) में से एक है जो महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों में चिकित्सा और पैरामेडिकल कर्मियों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करता है ताकि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के बेहतर वितरण के लिए उनके ज्ञान और कौशल को बढ़ाया जा सके।

## पाठ्यक्रम की अनूठी विशेषताएं

- डीएचपीई पाठ्यक्रम 1986 में शुरू किया गया है , यह एक कार्रवाई उन्मुख पाठ्यक्रम है जिसमें पूरे शैक्षणिक वर्ष में अंतर्निहित फील्ड वर्क शामिल है, प्रशिक्षु (ट्रेनीस) समुदाय में अधिक कुशल तरीके से स्वास्थ्य शिक्षा विशेषज्ञ की भूमिका निभाने के लिए ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण से लैस हैं।

## उद्देश्य

## सामान्य उद्देश्य

प्रभावकारी स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा गतिविधियां उपलब्ध कराने हेतु अपेक्षित स्वास्थ्य शिक्षा विशेषज्ञों का विकास करना।

## विशेषताएं

**प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अंत में, छात्र निम्नलिखित में सक्षम होगा-**

१.प्राथमिक स्वास्थ्य विज्ञानों से प्राप्त ज्ञान का स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा में उपयोग करना।

२.समुदाय के स्वास्थ्य व्यहवार में वांछित बदलाव लाने के बारे में समुदाय संगठन और समुदाय विकास के साथ व्यहारात्मक विज्ञानों से प्राप्त ज्ञान को साझा व उपयोग करना तथा समुदाय में स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा कार्यक्रम बनाना।

३.कार्यक्रम के नियोजन के लिए तथा स्वास्थ्य से संबंधित अनुसंधान अध्ययन एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षणों का आयोजन करने के लिए समुदाय की वर्तमान जॉब स्थिति के अनुसार साधारण सांख्यिकीय विधियों और जनसांख्यिकीय तकनीकों का उपयोग करना।

४.समुदाय में स्वास्थ्य शिक्षा विशेषज्ञों की भूमिका निभाना, स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा की अवधारणाओं, सिद्धांतों, उद्देश्यों और अभिगमों (एप्रोच) के उचित अनुप्रयोग द्वारा स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा कार्यक्रमों को प्रभावकारी रूप से आयोजित करना।

5.स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा गतिविधियों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आईईसी घटक के प्रभावकारी कार्यान्वयन के लिए जन स्वास्थ्य प्रशासन में स्वास्थ्य नीति, स्वास्थ्य परिचर्या सुपुर्दगी प्रणाली, कौशल विकास के बारे में वर्णन करना।

6.समुदाय में स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा में प्रचार-प्रसार (एडवोकेसी) के लिए एक दक्ष संप्रेषक बनना।

7.पहचान की गई स्वास्थ्य सेवाओं पर स्पष्ट एवं सकारात्मक सोच के साथ समुदाय में स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा कार्यक्रमों पर योजना बनाना, उनका कार्यान्वयन और मूल्यांकन करना।

## निम्नलिखित व्यापक क्षेत्रों को कवर किया जाएगा

- प्रश्न पत्र 1 - प्राथमिक विज्ञानों के साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता (हैल्थ एण्ड हाइजीन)
- प्रश्न पत्र 2 - व्यहारात्मक और सामाजिक विज्ञान
- प्रश्न पत्र 3 - अनुसंधान विधियां और सांख्यिकी
- प्रश्न पत्र 4 - महामारी विज्ञान
- प्रश्न पत्र 5 - स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा भाग
- प्रश्न पत्र 6 - जनसंख्या की गतिकियां और स्वास्थ्य कल्याण
- प्रश्न पत्र 7 - स्वास्थ्य नीतियां और कार्यक्रम
- प्रश्न पत्र 8 - स्वास्थ्य संवर्धन शिक्षा परियोजनाएं: सीएफटी,ऑडियो विजुअल वर्कशॉप और एसएफटी

## पात्रता मापदंड

१.केंद्रीय / राज्य / स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं या पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों (कम से कम 5 वर्षों के लिए) में कार्यरत, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय (यूजीसी मान्यता प्राप्त) से स्नातक वाले उम्मीदवार |

२.आयुष और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान / कल्याण/ नर्सिंग या किसी अन्य पैरामेडिकल क्षेत्र में डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
३.फील्ड अनुभव : पर्यवेक्षी संवर्ग- 3 वर्ष, अन्य- 5 वर्ष

## प्रति बैच छात्रों की संख्या- 30

-केंद्र, राज्य और जिला परिषद प्रायोजित उम्मीदवारों के लिए 20 सीटें जो पहले से ही सेवा में हैं |
-राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से प्रायोजित उम्मीदवारों के लिए 5 सीटें
- मेरिट के आधार पर एनजीओ के साथ काम करने वाले/नए उम्मीदवारों के लिए 5 सीटें

## संबद्धता

डीएचपीई पाठ्क्रम अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस), मुंबई (मानद विश्वविद्यालय) से संबद्ध है।
शिक्षा का माध्यम: अंग्रेजी

**अवधि:** 1 वर्षीय पूर्णकालिक आवासीय पाठ्यक्रम दो सेमेस्टर में विभाजित है

## फीस

प्रायोजक उम्मीदवार: 8200 रुपये (सेमेस्टर 1- 4700 रुपये, सेमेस्टर 2-.3500 रुपये)
गैर प्रायोजक उम्मीदवार: 12200 रुपये (सेमेस्टर 1- ६700 रुपये, सेमेस्टर 2-. ५500 रुपये)

**पाठ्यक्रम निदेशक**
**डॉ. सुनिल विलासराव गिते**
निदेशक,एनआयपीएचटीआर

**पाठ्यक्रम समन्वयक**
**डॉ.मगेश पाटील**
संयुक्त निदेशक, एनआयपीएचटीआर


**National Institute of Public Health Training and Research, Mumbai**
Mumbai Campus : 332, S. V. P. Road, Khetwadi, Girgaon, Mumbai - 400 004.
Navi Mumbai Campus : Plot No-6 & 6A, Sector - 18, Khanda colony , New Panvel, Navi Mumbai - 410 218.
Email : directer.fwtre@nic.in website : www.niphtr.mohfw.gov.in